# पालमपुर विज्ञान केन्द्र, पालमपुर / Palampur Science Centre, Palampur

(राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद की एक इकाई / A Unit of National Council of Science Museums)

मासिक शैक्षिक क्रियाकलाप प्रतिवेदन-**फरवरी**, **2024**

Monthly Education Activity Report-**February**, **2024**

---

## विश्व आर्द्रभूमि दिवस

02 फरवरी 2024

पालमपुर विज्ञान केन्द्र, पालमपुर में बड़े हर्षोल्लास के साथ 'विश्व आर्द्रभूमि दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों और सामान्य आगंतुकों के लिए विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस व्याख्यान में परियोजना समन्वयक ने ‘आर्द्रभूमि एवं मानव कल्याण’ विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने आर्द्रभूमियों, इसकी महत्ता, आर्द्रभूमियों की पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं, आर्द्रभूमि क्षय व विनाश के कारण, सतत विकास एवं नाज़ुक पारिस्थितिक तंत्र संरक्षण इत्यादि पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने हिमाचल प्रदेश की आर्द्रभूमियों के विषय में महत्वपूर्ण तथ्य साझा करके अपनी वाणी को विराम दिया। इसके उपरांत, वक्तृत्वकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने ‘आर्द्रभूमि एवं मानव कल्याण’ और अन्य संबंधित समवर्ती विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। अंत में सभी के लिए ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। आर्द्रभूमि, इसकी महत्ता, आर्द्रभूमियों द्वार दी जाने वाली पारिस्थितिकी तंत्र सेवायें, आर्द्रभूमि क्षय व विनाश के कारण, सतत विकास एवं नाज़ुक पारिस्थितिक तंत्र संरक्षण इत्यादि पर विभिन्न प्रश्न पूछे गए थे। कार्यक्रम की समाप्ति उपरांत सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। इस कार्यक्रम में 202 विद्यार्थी 12 शिक्षक एवं सामान्य आगंतुकों ने प्रतिभागिता दर्ज की।

## World Wetlands Day

February 02, 2024

Palampur Science Centre, Palampur celebrated ‘World Wetlands Day’ with great zeal and enthusiasm. On this occasion Centre, organized various educational activities for students and general visitors. The first in line was Popular Science Lecture. The lecture was delivered by Project Coordinator on the topic of ‘Wetlands and Human Wellbeing’. He expressed his thoughts on the wetlands, their

significance, ecological services provided by wetlands, causes of wetland depletion and destruction, sustainable restoration and conservation of fragile ecosystems etc. He concluded his voice by sharing some important facts about the wetlands of Himachal Pradesh. Later on, an Elocution Contest was held. In this contest participants shared their views on 'Wetlands and Human Wellbeing' and other related concurrent topics. Following this, an Open House Quiz was conducted. Various questions on the wetlands, their significance, ecological services provided by wetlands, causes of wetland depletion and destruction, sustainable restoration and conservation of fragile ecosystems etc. were asked. After conclusion of event all the participants were facilitated with the prizes and digital certificates. A total of 202 students, 12 teachers and general visitors attended the programme.

---

## विज्ञान क्षेत्र की महिलाओं व बालिकाओं हेतु अंतर्राष्ट्रीय दिवस

11 फरवरी 2024

पालमपुर विज्ञान केन्द्र, पालमपुर में विज्ञान क्षेत्र की महिलाओं व बालिकाओं हेतु अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। इस विशेष अवसर पर, केंद्र द्वारा विद्यार्थियों और आम आगंतुकों, विशेषकर महिलाओं व बालिकाओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये। 'विज्ञान नेतृत्व में महिलाएं एवं बालिकाएँ- सतत विकास का नवयुग' विषय पर एक लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान के माध्यम से दर्शकों को विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी क्षेत्र में महिलाओं व बालिकाओं के इतिहास और समाज कल्याण में योगदान के बारे में जानकारी दी गई। तदपश्चात, सभी उपस्थित दर्शकों के लिए एक ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। इस में सामान्य विज्ञान योग्यता और महिला वैज्ञानिक एवं उनके जीवन और कार्य से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गये। अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार और डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

## International Day of Women and Girls in Science

February 11, 2024

Palampur Science Centre, Palampur celebrated the International Day of Women and Girls in Science. On this special occasion, Centre organized various programmes for students and general visitors especially for women and girls. A Popular Science lecture was delivered on the topic 'Women and Girls in Science Leadership – a New Era for Sustainability'. The audience were briefed about the

history of great women and girls in science and technology field and their contribution for the betterment of society. Later on an Open House Quiz was conducted for all. In which different questions related to general science aptitude and women scientist their life and work were asked. The participants were facilitated with the prizes and digital certificates.

---

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

28 फरवरी 2024

पालमपुर विज्ञान केन्द्र, पालमुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी' विषय पर स्कूली विद्यार्थियों तथा सामान्य आगंतुकों के लिए कुछ शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज़ केन्द्र के परियोजना समन्वयक के व्याख्यान के साथ हुआ। उन्होंने लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान के माध्यम से भारत की विकास गाथा में स्वदेशी प्रौद्योगिकी की उपयोगिता एवं इसके संक्षिप्त इतिहास पर प्रकाश डाला। आगे उन्होंने वर्तमान एवं भविष्य में होने वाले वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी उन्नतियों के विषय में अपने विचार व्यक्त किये तथा उपस्थित जिज्ञासु दर्शकों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के भी उत्तर दिये। इस कार्यक्रम के पश्चात, सर चंद्र शेखर वेंकटरमन के जीवन पर आधारित एक संक्षिप्त फिल्म का प्रदर्शन किया गया, इसके माध्यम से भारत के इस महान वैज्ञानिक के जीवन एवं कार्यों पर प्रकाश डालने का एक प्रयास किया गया।

इन कार्यक्रमों के उपरांत, एक ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी में भारत के महान वैज्ञानिकों, विशिष्ट वैज्ञानिक संस्थानों, स्थानीय जैव विविधता, सामान्य विज्ञान तथा स्वदेशी प्रौद्योगिकी जैसे समसामयिक विषय पर विभिन्न प्रश्न पूछे गये तथा सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने वक्तृत्वकला प्रतियोगिता में प्रतिभागिता दर्ज की। प्रतिभागियों ने 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी', विज्ञान केन्द्रों का स्कूली शिक्षा में योगदान, हमारा हिमाचल, मेरा विद्यालय तथा भारत की वैज्ञानिक विरासत विषय पर अपने विचारों को वक्तृत्वकला के माध्यम से सभी के सामने रखा। इस आयोजन में 67 विद्यार्थी, 10 शिक्षक तथा 32 सामान्य आगंतुकों ने प्रतिभागिता दर्ज की।

## National Science Day

February 28, 2024

Palampur Science Centre, Palampur celebrated National Science Day with lots of liveliness and enthusiasm. To mark the day and spread its significance to society, some educational activities were conducted for students and general visitors. The

day began with the address of Project Coordinator to the present audience. He made everyone aware about the glorious past of Indian scientific achievements and promising future in technological advancements. He paid tribute to the great Indian scientist & Nobel Laureate, Sir C.V. Raman and also interacted with audience about theme, 'Indigenous Technologies for Viksit Bharat'. Afterwards, a short science film show held in which the life and work of Sir C.V. Raman was showcased. Following it, an Elocution Contest was held for students on the theme 'Indigenous Technologies for Viksit Bharat'. The participants elucidated the theme and shared their views on the subject. At the end, an Open House Quiz was organized for all. Participants were asked different sort of questions related to general science, scientific current affairs and life and works of Indian Scientists. A total of 67 students, 10 teachers and 32 general visitors attended the event.

***